targets for access, participation and achievement for Scheduled Tribes (ST) children.

— Opening of Ashram Schools in Tribal Sub-Plan Areas.

— Setting up of Educational Complexes in Low Literacy Pockets for development of female literacy in tribal areas.

— Provision of incentives such as scholarships, textbooks, hostel facilities, etc.

— Provision of mid-day meals through the National Programme of Nutritional Support to Primary Education.

— Opening of Boy's and Girls' hostels for STs.

— Reservations of seats in Kendriya Vidyalayas and Navodaya Vidyalayas.

— Priority to ST dominated habitations in opening of NFE and Adult Education Centres.

— The District Primary Education Programme (DPEP) has been launched in Dangi and Panchmahal districts of Gujarat which are predominantly tribal districts.

— Preparation of Primers in ST dialect. It includes Dangi of Gujarat.

(c) to (f) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

नवयुग स्कूलों में प्रवेश में अनियमितताएं

4540. **श्री रहसबिहारी बारिक:** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मोतीबाग और लोधी रोड स्थित नई दिल्ली नगरपालिका नवयुग स्कूल से आठवीं कक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों को अभी तक नौवीं कक्षा में प्रवेश नहीं दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार को विद्यार्थियों की प्रभावित हो रही पढ़ाई की जानकारी है क्योंकि शिक्षा सत्र पहली अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है;

(ग) क्या पिछले वर्ष तक इन स्कूलों से आठवीं की परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों को स्वतः ही पेशवा रोड और सरोजिनी नगर स्थित नवयुग स्कूलों में प्रवेश मिल जाता था; और

(घ) यदि हां, तो इस वर्ष विद्यार्थियों को प्रवेश न दिये जाने के क्या कारण हैं?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) और (ख) नई दिल्ली नगर परिषद द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, मोतीबाग और लोधी रोड स्थित नवयुग विद्यालयों के कक्षा 8 के उत्तीर्ण छात्रों को, विद्यालयों का उन्नयन किए जाने के बाद उन्हीं विद्यालयों में दाखिले दिए गए हैं।

(ग) जी, हां।

(घ) उपर्युक्त भाग (क) तथा (ख) में उल्लिखित तथ्यों को ध्यान में रखकर प्रश्न नहीं उठता।

राजस्थान में नवोदय विद्यालयों में विद्यार्थियों का उत्पीड़न

4541. **श्री शिव चरण सिंह:** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नवोदय विद्यालयों की स्थापना के लिए निर्धारित लक्ष्य क्या है?

(ख) क्या उपरोक्त लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या नवोदय समिति को पिछले दो वर्षों में विशेषकर राजस्थान के नवोदय विद्यालयों में विद्यार्थियों को उत्पीड़ित किये जाने एवं उन्हें घटिया भोजन मुहैया कराने जैसी शिकायतें मिली हैं;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) इन शिकायतों को दूर करने, दोषियों को सजा देने और साथ ही प्रबंधन में सुधार लाने हेतु क्या कदम उठाये गए हैं या उठाये जाने का विचार है?